वर्ष - 01 | अंक - 342 | बिजौलिया - शुक्रवार, 26 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

# भीलवाड़ा फोकस



# निर्जला एकादशी पर आस्था का महासागर उमड़ा, पंचम नौका विहार महोत्सव में झूम उठा कोटड़ी

## विशाल कुंड में नौका विहार करते विराजे श्री कोटड़ी श्याम, 501 किलो आमों का मनोरथ और 108 थालों की मठरी झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर गुरुवार को कोटड़ी स्थित श्री कोटड़ी श्याम मंदिर में आयोजित पंचम नौका विहार महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता का अनुपम संगम बन गया। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। विशाल कृत्रिम कुंड में नौका विहार करते भगवान श्री कोटड़ी श्याम के दिव्य दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जयकारों, भजनों और पुष्पवर्षा के बीच पूरा क्षेत्र मानो श्याममय हो गया।

दोपहर 12:15 बजे भगवान श्री कोटड़ी श्याम को भव्य रूप से सुसज्जित नौका में विराजमान कर विशाल कृत्रिम कुंड में नौका विहार कराया गया। जैसे ही प्रभु की नौका जल में उतरी, पूरा परिसर 'श्याम बाबा की जय' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर प्रभु का स्वागत किया और नौका विहार की अद्भुत झांकी के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

**इत्र अभिषेक से हुई शुरुआत, मोगरे की खुशबू से महका पूरा धाम**

महोत्सव का शुभारंभ कन्नौज से मंगवाए गए विशेष सुगंधित इत्र से भगवान के इत्र अभिषेक के साथ हुआ। इसके बाद प्रभु का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को वृंदावन से मंगाई गई करीब 150 किलो मोगरे की लड़ियों से सजाकर मोगरा महल का स्वरूप दिया गया। चारों ओर फैली मोगरे की सुगंध और इत्र के फव्वारों ने श्रद्धालुओं को वृंदावन जैसा आध्यात्मिक अनुभव कराया।

**यमुना-गंगाजल से सजा कुंड, कमल पुष्पों ने बढ़ाई शोभा**

नौका विहार के लिए तैयार किए गए विशाल कुंड को वृंदावन से लाए गए यमुना जल, ऋषिकेश के गंगाजल तथा एकलिंगजी से मंगाए गए कमल पुष्पों से सजाया गया था। कुंड के चारों ओर आकर्षक सजावट और प्रकाश व्यवस्था ने पूरे आयोजन को भव्यता प्रदान की.

**हर 15 मिनट में लगा अलग-अलग व्यंजनों का भोग**

पूरे दिन भगवान की सेवा में विशेष मनोरथ आयोजित किए गए। हर 15 मिनट के अंतराल पर अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। माखन-मिश्री, श्रीखंड, मैंगो क्रीम, मैसूर पाक, ठंडाई, गुलाब शरबत, रबड़ी, पंजीरी, रसगुल्ला, बेसन चक्की सहित करीब 50 प्रकार के व्यंजन पारंपरिक चंगेरी और मिट्टी के पात्रों में सजाकर भगवान को अर्पित किए गए।

**108 थालों का मठरी मनोरथ बना श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र**

दोपहर एक बजे सात प्रकार की मठरियों से सुसज्जित 108 थालों का भव्य मनोरथ सजाया गया। भगवान को अर्पित इस विशेष मनोरथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

**501 किलो आमों से सजा भव्य आम मनोरथ**

शाम चार बजे विभिन्न किस्मों के 501 किलो आमों से भव्य आम मनोरथ सजाया गया। केसर, हाफुस, तोतापुरी, कलमी सहित कई प्रजातियों के आमों से सजे इस मनोरथ ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। आमों से सजी रंग-बिरंगी झांकी के सामने श्रद्धालु फोटो खिंचवाते और दर्शन करते नजर आए।

**भजनों की स्वर लहरियों पर झूमे श्रद्धालु**

महोत्सव के दौरान आयोजित भजन संध्या में वृंदावन से पधारे भजन गायक नंदरायदास (चैतन्य शर्मा) ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उनके साथ भीलवाड़ा के जिम्मी दाधीच तथा कोटड़ी के लखन टेलर एंड पार्टी ने भी श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे।

**इत्र के फव्वारे और आतिशबाजी ने बढ़ाई महोत्सव की भव्यता**

नौका विहार स्थल के चारों ओर लगाए गए इत्र के फव्वारे श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं संध्या आरती के बाद कुंड के चारों ओर भव्य आतिशबाजी की गई। रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी और नौका में विराजमान प्रभु का अलौकिक स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए यादगार बन गया।

**ठंडाई प्रसाद से मिली राहत**

भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई। हजारों श्रद्धालुओं ने ठंडाई प्रसाद ग्रहण कर राहत महसूस की।

**भक्तों के सहयोग से ऐतिहासिक बना महोत्सव**

श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट, आयोजन समिति, युवा भक्त मंडल तथा सेवाभावी श्रद्धालुओं के सहयोग से पूरा आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। दर्शन व्यवस्था, प्रसाद वितरण, सुरक्षा और सजावट की व्यवस्थाओं की श्रद्धालुओं ने सराहना की। आयोजन समिति ने बताया कि पंचम नौका विहार महोत्सव में इस बार अपेक्षा से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना रहा। भगवान श्री कोटड़ी श्याम की कृपा से महोत्सव ऐतिहासिक, भव्य और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# डोटासरा का बड़ा बयानः 'कांग्रेस राज में मुझसे भी हुई गलती, चार-पांच बेईमानों को अच्छे पदों पर बैठा दिया'

## RUCTA कार्यक्रम में बोले PCC चीफ, बीजेपी पर विधायकों-सांसदों की खरीद-फरोख्त का लगाया आरोप, शिक्षा व्यवस्था पर भी साधा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में अपनी ही पिछली सरकार के कार्यकाल को लेकर बड़ा आत्मस्वीकृति वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान उनसे भी गलती हुई और उन्होंने चार-पांच ऐसे लोगों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त कर दिया, जो बाद में बेईमान निकले। साथ ही उन्होंने भाजपा पर विधायकों और सांसदों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला तथा शिक्षा व्यवस्था और सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

राजस्थान यूनिवर्सिटी कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (RUCTA) के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि वह रुक्टा से माफी मांगते हैं, क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान संगठन ने जिन लोगों को लेकर उन्हें आगाह किया था, उनकी बात उन्होंने गंभीरता से नहीं ली। उन्होंने कहा कि उस समय वे नए-नए शिक्षा मंत्री बने थे और उन्हें लगा था कि सभी लोग ईमानदारी से काम करेंगे, लेकिन अब उन्हें अपनी भूल का एहसास हुआ है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऐसा माहौल बना दिया गया है कि यदि कोई कर्मचारी सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के समर्थन में टिप्पणी कर दे तो अगले ही दिन उसे एपीओ कर दिया



जाता है। डोटासरा ने इसे शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंताजनक बताया।

भाजपा पर निशाना साधते हुए डोटासरा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विधायकों की खरीद-फरोख्त संबंधी बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। 'ऑपरेशन टाइगर' का जिक्र करते हुए उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा विधायकों और सांसदों की खरीद-फरोख्त कर रही है और उसे नया नाम दिया जा रहा है।

डोटासरा ने राज्य सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग का नेतृत्व ऐसे लोगों को सौंपा गया है जिन्हें शिक्षा व्यवस्था की पर्याप्त समझ नहीं है। साथ ही कृषि विभाग को लेकर भी सरकार पर किसानों के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया।

# नाकाबंदी में बड़ी सफलताः 27.228 किलो डोडा चूरा सहित दो युवक गिरफ्तार

## सवाईपुर चौकी के पास पुलिस की कार्रवाई, तस्करी में प्रयुक्त आई-20 कार भी जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़लियास थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 27.228 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त आई-20 कार को भी जब्त कर लिया है। कार्रवाई सवाईपुर चौकी के सामने की गई।

थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार रात पुलिस टीम गश्त करते हुए चांदगढ़, आकोला होते हुए सवाईपुर चौकी पहुंची, जहां चौकी प्रभारी प्यारचंद एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। इसके बाद चौकी के सामने नाकाबंदी शुरू की गई।

नाकाबंदी के दौरान बिगोद की ओर से आ रही एक लाल रंग की आई-20 कार को देखकर चालक ने वाहन वापस मोड़ने का प्रयास किया। संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार को रुकवाया और उसमें सवार दोनों युवकों से पूछताछ की।

पुलिस जांच में चालक ने अपना नाम हर्षित पारीक (21) पुत्र देवेंद्र कुमार पारीक निवासी नंदराय, थाना कोटड़ी तथा दूसरे युवक ने आर्यन चावरिया (20) पुत्र राजकुमार



चावरिया निवासी मानपुरा, थाना मांडलगढ़ बताया।

**डिग्गी से मिले दो कट्टे, जांच में निकला डोडा चूरा**

कार की तलाशी लेने पर डिग्गी में रखे दो प्लास्टिक कट्टे बरामद हुए। जांच करने पर उनमें अफीम डोडा चूरा पाया गया। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन कराने पर कुल 27.228 किलोग्राम डोडा चूरा मिला। आरोपियों से लाइसेंस एवं वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत डोडा चूरा एवं वाहन जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

**इन पुलिसकर्मियों ने निभाई अहम भूमिका**

कार्रवाई में थाना प्रभारी जसवंत सिंह, चौकी प्रभारी प्यारचंद, जेठमल, श्रवण कुमार, संदीप कुमार, संदीप कुमार स्वामी, बाबूलाल, राजेंद्र कुमार तथा नाहर सिंह सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मां की हत्या करने वाले कलयुगी पुत्र को उम्रकैद

## शाहपुरा कोर्ट का बड़ा फैसला- 26 गवाहों और 32 दस्तावेजों ने खोला हत्या का राज

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी** रिश्तों को शर्मसार कर देने वाले एक सनसनीखेज हत्याकांड में शाहपुरा न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अपनी ही मां की हत्या करने वाले कलयुगी पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय के इस फैसले ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून के हाथ भले धीमे हों, लेकिन अपराधी को सजा देकर न्याय जरूर करता है।

वर्ष 2023 में ग्राम रहड़, थाना शाहपुरा, में हुई इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। अभियुक्त रुस्तम पुत्र मोहम्मद अली ने अपनी मां शाहनाज बानो की गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

इस जघन्य अपराध के बाद मृतका के भाई मकबूल मोहम्मद ने थाना शाहपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए हत्या का आरोप परिवारजनों पर लगाया था।

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने 2023 में एफआईआर संख्या 208 दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर मृतका के पुत्र रुस्तम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 एवं 34 के तहत आरोप पत्र अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शाहपुरा न्यायालय में पेश किया। बाद में मामला सुनवाई के लिए सत्र न्यायालय भेजा गया।

विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक हितेष शर्मा ने मजबूत पैरवी की। अदालत में 26 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए तथा 32 महत्वपूर्ण दस्तावेज पेश किए गए। मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों की गहन पड़ताल के बाद न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि अभियुक्त रुस्तम ही अपनी मां की हत्या का दोषी है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सानिया हाशमी ने अभियुक्त रुस्तम को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास तथा ?25,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# नाले में मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

## मसाणिया भैरूनाथ मंदिर के पास मिला शव, पुलिस ने जांच शुरू की

**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़**



**( अनिल डांगी)।** मंगरोप कस्बे में गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का शव नाले में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान आशुराम पुत्र रामचंद्र मारू (भांभी) (50) निवासी मंगरोप के रूप में हुई है। सूचना पर मंगरोप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार कस्बे स्थित मसाणिया भैरूनाथ मंदिर के पुजारी सुबह नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर मंदिर के समीप बने नाले में औंधे मुंह पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। पास जाकर देखने पर व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। इसके बाद पुजारी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मंगरोप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को नाले से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक स्तर पर मृतक की पहचान नहीं हो सकी। बाद में जलदाय विभाग के ठेका कर्मचारी बाबूलाल मारू को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने शव की पहचान आशुराम पुत्र रामचंद्र मारू निवासी मंगरोप के रूप में की।

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक के परिवार में कोई निकट संबंधी मौजूद नहीं है। ऐसे में पुलिस ने नियमानुसार शव को जिला चिकित्सालय भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के दूर के रिश्तेदार गणेश मारू अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाहते और अंतिम संस्कार के लिए शव उन्हें सौंप दिया जाए।

आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं सहमति के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इसके बाद मंगरोप श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला नाले में गिरने से हुई मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जा रही है।

# क्रेटा की टक्कर से बाइक सवार दो ग्रामीणों की मौत, चालक मौके से फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

भीम-गुलाबपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग-148डी पर परासोली चौराहे के निकट बुधवार शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक अनियंत्रित क्रेटा कार ने बाइक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उस पर सवार दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।

आसींद थाना पुलिस के अनुसार रेलिया (चोटियास) निवासी बालूराम भील की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि चंद्रा भील (46) पुत्र मांगीलाल भील और मगनीराम भील (57) पुत्र हमीरा भील बाइक से चोटियास गांव से परासोली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गुलाबपुरा की तरफ से तेज गति से आ रही क्रेटा कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें आसींद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चंद्रा भील को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मगनीराम भील को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और क्रेटा कार को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश के लिए टीम जुटी हुई है। गुरुवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों और फरार चालक की तलाश को लेकर जांच में जुटी है।

# लखमणियास में चोरी की बड़ी वारदात, गेहूं की कोठी में छिपाए लाखों के जेवरात ले उड़े चोर

## रात के अंधेरे में घर में घुसे बदमाश, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई संदिग्ध गतिविधि

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**सांवर वैष्णव ।** क्षेत्र के लखमणियास गांव में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। चोर घर में रखी लोहे की कोठी का ताला तोड़कर गेहूं के नीचे छिपाकर रखे गए आभूषण निकाल ले गए। वारदात के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना से जुड़े कुछ संदिग्ध सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं।

जानकारी के अनुसार लखमणियास निवासी दिनेश जाट पुत्र रामेश्वर जाट ने कोटड़ी थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बुधवार को वह, उसका भाई और पिता रिश्तेदारी में बाहर गए हुए थे। घर पर उसकी पत्नी नानी देवी और माता जमना देवी मौजूद थीं। दोनों रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद घर के चौक में चारपाई पर सो गईं।

गुरुवार सुबह जब दोनों उठीं तो घर के कमरे का दरवाजा खुला मिला और अंदर रखी लोहे की कोठी का ताला टूटा हुआ था।

परिजनों के अनुसार कोठी में गेहूं के नीचे सोने-चांदी के कीमती आभूषण छिपाकर रखे गए थे। जांच करने पर सोने की रामनामी, मांडलियों के सेट, झुमरिया तथा चांदी की करंगतियां और पायजेब सहित लाखों रुपये के आभूषण गायब मिले।

घटना की सूचना मिलते ही दिनेश जाट और उसके परिजन घर पहुंचे तथा आसपास जानकारी जुटाई। इसी दौरान पास के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें रात करीब 2:45 बजे दो मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ संदिग्ध व्यक्ति घर के आसपास आते-जाते दिखाई दिए।

वारदात की सूचना पर कोटड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास कर रही है तथा चोरी गए जेवरातों का मूल्यांकन भी किया जा रहा है।

# निर्जला एकादशी पर किया दान-पुण्य, मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़, भगवान को चढ़ाएं फल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में निर्जला एकादशी का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया । सुबह से भीषण गर्मी और तपिश के बावजूद भी ठाकुर जी के मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही । एकादशी पर दान-पुण्य का विशेष महत्व होने के कारण मंदिरों में पहुंचे भक्तों ने भगवान के चरणों में शीतल जल से भरी छोटी मटकी (कुल्हड़), मौसमी फल, विशेषकर रसीले आम, मेवा-मिश्री, पंखा और वस्त्र आदि का प्रसाद अर्पित किया । मान्यताओं के अनुसार निर्जला एकादशी पर जल और अन्न का त्याग कर व्रत रखने तथा जरूरतमंदों को शीतल जल व फल दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है । सुबह से ही बाजार में रौनक देखने को मिली । वही गली चौराहे और गौशालाओं में गायों के लिए हरा व सुखा चारा डाला गया ।


# चारों ओर गूंजा णमोकार मंत्र, नवीन वेदी पर विराजे 1008 पार्श्वनाथ भगवान

## भव्य शोभायात्रा के साथ शाहपुरा पहुँची नवीन जिन प्रतिमा, जैन समाज में उमड़ा आस्था का सैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**





शाहपुरा नगरी गुरुवार को जैन धर्म की अनुपम आस्था, अनुशासन और आध्यात्मिक गरिमा की साक्षी बनी, जब सकल दिगंबर जैन समाज शाहपुरा के तत्वावधान में नवनिर्मित जैन मंदिर में 1008 पार्श्वनाथ भगवान की नवीन मनोहारी जिन प्रतिमा को नवीन वेदी पर विधि-विधान के साथ विराजमान किया गया। इस ऐतिहासिक और पुण्यमयी अवसर पर पूरा नगर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया।

सुबह से ही समाजजनों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। मंदिर प्रांगण में भगवान के जयकारों और णमोकार मंत्र की मंगलध्वनि वातावरण को पवित्र बना रही थी। श्रद्धालुओं के चेहरे पर अपार उल्लास और आत्मिक शांति स्पष्ट झलक रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ वेंदो के मंदिर से हुआ, जहां नवीन जिन प्रतिमा को अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ पालकी में विराजमान किया गया।

इसके बाद बैण्ड-बाजों की मधुर स्वर लहरियों और मंगल वाद्यों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के श्रावक-श्राविकाएं पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में शामिल हुए। पीले मंदिर वस्त्रों में सुसज्जित 10 श्रावकों ने पालकी को अपने कंधों पर उठाया, वहीं 6 श्रावकों ने पाषाण निर्मित 1008 पार्श्वनाथ भगवान की नवीन प्रतिमा को वाहन पर विराजमान कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। यह भव्य यात्रा वेंदो का मंदिर, कालाभाटा मंदिर, बालाजी की छतरी, सदर बाजार, त्रिमूर्ति चैराहा, नया बाजार और कोठार मोहल्ला होते हुए नवनिर्मित मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। पूरा वातावरण 'पार्श्वनाथ भगवान की जय' के जयघोष से गूंज उठा।

नवनिर्मित मंदिर पहुंचने पर प्रतिमा स्थापना का मुख्य अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। प्रतिष्ठाचार्य पंडित लादूलाल जैन के सानिध्य में नवीन वेदी और प्रतिमा का शुद्धिकरण किया गया। शुभ मुहूर्त में वेदी पर केसर से स्वास्तिक अंकित कर अत्यंत विधिपूर्वक 1008 पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा विराजमान कराई गई। यह प्रतिमा विशेष रूप से मनोहारी और दिव्य आभा से युक्त रही, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु अभिभूत हो उठे। उल्लेखनीय है कि इस प्रतिमा का पंचकल्याणक महोत्सव गुना मध्यप्रदेश में सम्पन्न हुआ था।

प्रतिमा स्थापना के पश्चात समस्त उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने सामूहिक रूप से णमोकार मंत्र का जाप किया। मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। इसके बाद प्रथम अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य सेठी परिवार को प्राप्त हुआ, जो इस पूरे आयोजन के पुण्यार्जक परिवार भी रहे।

विशेष बात यह रही कि जैन समाज की परंपरा और शास्त्रीय मर्यादा के अनुरूप भगवान का अभिषेक केवल शुद्ध जल से ही किया गया। दिगंबर जैन परंपरा में जिनेंद्र भगवान पर जलाभिषेक आत्मशुद्धि, निर्मलता और वैराग्य का प्रतीक माना जाता है। यह केवल बाह्य अनुष्ठान नहीं, बल्कि भीतर के विकारों को धोकर आत्मा को पवित्र बनाने का आध्यात्मिक संदेश भी देता है। इसी पावन भावना के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं ने गहन श्रद्धा से अभिषेक किया। तत्पश्चात समाज के सभी श्रावकों द्वारा 108 कलशों से अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। जैसे-जैसे कलशों से जलधारा भगवान पर अर्पित होती गई, वैसे-वैसे वातावरण में भक्ति और शांति की अद्भुत अनुभूति गहराती चली गई। मंदिर परिसर में उपस्थित हर श्रद्धालु मानो आत्मिक आनंद में डूब गया।

सायंकाल कार्यक्रम का एक और अलौकिक दृश्य देखने को मिला, जब 48 दीपकों से भक्तामर महाआरती की गई। दीपों की स्वर्णिम आभा, मंत्रोच्चार की दिव्यता और भक्तामर स्तोत्र की गूंज ने पूरे मंदिर को आध्यात्मिक प्रकाश से आलोकित कर दिया। महाआरती के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे।

समाज अध्यक्ष आनंद सेठी ने बताया कि नवीन जिन प्रतिमा और नवीन वेदी पर 1008 पार्श्वनाथ भगवान की स्थापना जैन समाज के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। इस आयोजन को सफल बनाने में समाज के प्रत्येक सदस्य का अमूल्य सहयोग रहा। उन्होंने पुण्यार्जक परिवार के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, समर्पण और एकता को सुदृढ़ करते हैं।

समाज के महेन्द्र जैन ने बताया कि भगवान की पालकी यात्रा में पूरे नगर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हर मार्ग पर श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतिमा स्थापना का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जैन संस्कृति, आस्था और परंपरा का जीवंत उत्सव था।

नवरतन जैन ने बताया कि गुरुवार का यह दिन शाहपुरा के जैन समाज के लिए इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हो गया। नवीन मंदिर में 1008 पार्श्वनाथ भगवान की स्थापना ने न केवल धार्मिक उल्लास को नई ऊंचाई दी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए श्रद्धा, संयम और धर्म साधना का प्रेरणास्रोत भी स्थापित किया। भगवान पार्श्वनाथ की शांत, करुणामयी और तपस्वी प्रतिमा मानो हर श्रद्धालु को यही संदेश दे रही थी। अहिंसा, संयम और आत्मकल्याण ही जीवन का सच्चा मार्ग है।

# 15 दिन में समाधान नहीं तो 'कोटा जाम' का ऐलान, गुंजल के नेतृत्व में किसानों-पशुपालकों का प्रदर्शन

## संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर हंगामा, बैरिकेडिंग पर चढ़े कार्यकर्ता, पुलिस से धक्का-मुक्की; वन भूमि, बेदखली और ग्रामीणों के अधिकारों को लेकर सौंपा ज्ञापन





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** वन क्षेत्रों में कथित बेदखली, किसानों-पशुपालकों के उत्पीड़न और ग्रामीणों के भूमि अधिकारों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान और पशुपालक सड़कों पर उतर आए। सीएडी सर्किल पर धरना देने के बाद प्रदर्शनकारी संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। बाद में प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए गुंजल ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे कोटा को जाम किया जाएगा।

धरने के बाद प्रदर्शनकारी रैली के रूप में संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन देने अंदर गया, जबकि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यालय के बाहर डटे रहे। कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग पार करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोक दिया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच खींचतान की स्थिति बन गई। भीड़ में मौजूद कुछ कार्यकर्ता कार्यालय परिसर के बाहर लगे बोर्ड पर भी चढ़ गए, जिन्हें पुलिसकर्मियों ने बार-बार नीचे उतारा। मौके पर डीजे की धुनों पर कार्यकर्ता नारेबाजी करते और झूमते भी नजर आए। करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद वार्ता हुई और प्रतिनिधिमंडल के बाहर आने पर धरना समाप्त करने की घोषणा की गई।

प्रहलाद गुंजल ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से कोटा और बूंदी जिले के किसानों तथा पशुपालकों के साथ सरकारी मशीनरी द्वारा लगातार अन्याय किया जा रहा है। उनका कहना था कि वन विभाग दशकों से बसे गांवों में कृषि भूमि और पशु बाड़ों को हटाकर लोगों को बेदखल कर रहा है। उन्होंने हाल ही में कोलाना और अमरकुंआ क्षेत्र में हुए विवादों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं से ग्रामीणों में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है।

गुंजल ने कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का दायरा बढ़ाकर सैकड़ों गांवों को शामिल कर लिया गया है, जहां वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों के मकानों और जमीनों पर कार्रवाई की जा रही है। उनका दावा था कि 30 से 100 वर्षों से बसे ऐसे परिवार नियमानुसार भूमि आवंटन के पात्र हैं, लेकिन उन्हें उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे करीब 200 गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं।

धरने को संबोधित करते हुए प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन की कार्रवाई की तुलना अंग्रेजी शासन से की। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी जमीन और आजीविका बचाने के लिए शांतिपूर्ण विरोध करने वाले ग्रामीणों पर गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। रानपुर थाने में ग्रामीणों के साथ कथित दुर्व्यवहार और अत्याचार का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

प्रदर्शनकारियों ने वन अधिकार अधिनियम-2006 के प्रभावी पालन, वर्षों से वन क्षेत्रों और सरकारी भूमि पर बसे लोगों को बेदखल नहीं करने, पुराने विपरीत कब्जों का नियमन कर पात्र परिवारों को भूमि आवंटन, आदिवासी भील समुदाय को संरक्षण देने तथा रानपुर थाने के मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि जब शहरी क्षेत्रों में बिल्डरों को सिवाईचक भूमि के पट्टे दिए जा सकते हैं तो ग्रामीणों के साथ अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है।

गुंजल ने कहा कि जिन गांवों की बात की जा रही है, उनका इतिहास 200 से 400 वर्ष पुराना है। यदि सरकार ने ग्रामीणों की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया और कथित दमनात्मक कार्रवाई नहीं रोकी तो बड़ा जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन की होगी।



QUICK BITES

## रीको चौराहे पर भव्य आयोजन: जय श्रीराम के जयघोष और आतिशबाजी के बीच मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर के रीको एक नंबर चौराहे पर बुधवार सायंकाल हिंदू साम्राज्य दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, धर्मप्रेमी एवं सनातन बंधुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल में सराबोर नजर आया।

शाम करीब 7 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपस्थित लोगों ने 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी की गई, जिससे रीको चौराहा रोशनी और उल्लास से जगमगा उठा।

कार्यक्रम में विभाग मंत्री मुकेश शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के विस्तार और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन का कार्य आज 500 जिलों, 650 तहसीलों और 6 देशों तक फैल चुका है। सेवा कार्यों, धार्मिक जागरूकता और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। साथ ही समाज में एकता, संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष गोपाल तेली, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रितेश गुर्जर एवं मजदूर परिषद के जिला अध्यक्ष पूरन तेली विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान राजकुमार माली, किशोर माली, दिनेश साहनी, पर्वत माली, सिंह शंकर जाट, देवी लाल गाडरी, रमेश माली, गोपाल छिपा, भंवर सिंह, गोपाल खारोल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिससे कार्यक्रम और अधिक ऊर्जावान बन गया। अंत में आयोजकों ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

## श्रमिक हितों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर हुई चर्चा, श्रम सेतु एवं लेबर चौक एप्लीकेशन की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



उप श्रम आयुक्त की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय उप श्रम आयुक्त में विभिन्न श्रमिक यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ मासिक 'मजदूर संवाद' बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्रमिकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, चुनौतियों एवं उनके समाधान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। श्रमिक प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सुझावों एवं मांगों पर विचार-विमर्श करते हुए श्रमिक हितों के संरक्षण एवं उनके कल्याण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

उप श्रम आयुक्त ने बैठक के दौरान श्रम विभाग द्वारा लॉन्च किए गए 'श्रम सेतु' एवं 'लेबर चौक' एप्लीकेशन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इन डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से श्रमिकों को विभिन्न श्रम कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार संबंधी अवसरों तथा विभागीय सेवाओं तक सरल एवं पारदर्शी पहुंच उपलब्ध होगी।.

## मानसून से पहले एसडीआरएफ अलर्ट, 35 जिलों में 70 रेस्क्यू टीमें तैनात

### भीलवाड़ा समेत संवेदनशील जिलों में दो-दो टीमें भेजी गईं, बाढ़ व जलभराव से निपटने की पूरी तैयारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**




आगामी मानसून सत्र के दौरान भारी बारिश, बाढ़ और जलभराव जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेशभर में किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को एसडीआरएफ की विभिन्न कंपनियों से गठित 70 रेस्क्यू टीमों को अत्याधुनिक उपकरणों के साथ राज्य के 35 संवेदनशील जिलों के लिए रवाना किया गया। जयपुर स्थित एसडीआरएफ कंट्रोल रूम से कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं अन्य जिलों में तैनात होने वाली टीमों को संबंधित कंपनी मुख्यालयों से रवाना किया गया।

कमांडेंट सिसोदिया ने बताया कि मानसून के दौरान अत्यधिक वर्षा, जलभराव और नदियों-बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण उत्पन्न होने वाली बाढ़ की स्थिति में लोगों के जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसी उद्देश्य से सभी रेस्क्यू टीमों को मोटरबोट, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, डीप डाइविंग किट, आधुनिक खोज एवं बचाव उपकरणों तथा संचार संसाधनों से लैस किया गया है। ये टीमें स्थानीय प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा विभाग, सिविल डिफेंस और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करेंगी। एसडीआरएफ ने पिछले वर्ष के अपने बेहतर प्रदर्शन का भी उल्लेख किया। कमांडेंट ने बताया कि वर्ष 2025 के मानसून के दौरान 21 जून से 11 अक्टूबर तक चलाए गए 333 रेस्क्यू ऑपरेशनों में 1,237 लोगों की जान बचाई गई थी। इस बार भी सभी टीमों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप पूरी सतर्कता के साथ राहत एवं बचाव कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्यभर में टीमों की तैनाती भी संवेदनशीलता के आधार पर की गई है। जयपुर आयुक्तालय में सर्वाधिक 8 रेस्क्यू टीमें, भरतपुर में 7 तथा कोटा में 6 टीमें तैनात की गई हैं। इसके अलावा उदयपुर, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर में तीन-तीन टीमें भेजी गई हैं। वहीं जयपुर ग्रामीण, टोंक, भीलवाड़ा, बारां, झालावाड़, धौलपुर, करौली और सवाईमाधोपुर में दो-दो रेस्क्यू टीमों की तैनाती की गई है। शेष संवेदनशील जिलों में भौगोलिक स्थिति और बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए एक-एक टीम तैनात की गई है। एसडीआरएफ ने सभी टीमों को मानसून अवधि के दौरान 24 घंटे सतर्क एवं आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

# कुशायता में ग्रामीण सेवा शिविर 2026 में ग्रामीणों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**




ग्राम पंचायत कुशायता में जनकल्याण शिविर के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर 2026 का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं शिविर प्रभारी चंद्रशेखर भंडारी, कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव, विकास अधिकारी संगीता व्यास, चिरंजी लाल वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, प्रशासक रसाल देवी खारोल, उपखंड कार्यालय कार्मिक विनोद सेन, ग्राम विकास अधिकारी मनजीत सिंह चौधरी, कनिष्ठ सहायक इंदिरा एवं राकेश गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 22 विभागों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

शिविर के दौरान 20 पट्टों का वितरण किया गया तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 17 व्यक्तिगत शौचालयों की स्वीकृति जारी की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तीन लाभार्थियों को तृतीय किस्त का भुगतान किया गया। वहीं पांच पेंशनधारकों का सत्यापन, एक दिव्यांग स्कूटी आवेदन, 23 जनआधार संशोधन एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत चार नए बैंक खाते खोले गए।

महिला अधिकारिता विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 26 बीमा पॉलिसियां जारी की गईं। कृषि विभाग ने 17 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए तथा पांच किसानों को मूंग मिनी किट प्रदान की। चिकित्सा विभाग ने 97 तथा आयुर्वेद विभाग ने 63 रोगियों को चिकित्सा एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराईं।

इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा चार लाभार्थियों के स्मार्ट कार्ड पंजीकरण किए गए। राजस्व विभाग ने सात खातों का शुद्धिकरण, चार आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरणों का निस्तारण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 23 पंजीकरण, 13 नामांतरण प्रकरण, दो सीमा ज्ञान पत्थरगढ़ी प्रकरण तथा 48 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य संपादित किए।

शिविर के समापन पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए आमजन को अधिकाधिक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया।

# स्वर्णकार समाज ने किया भगवान रूपचतुर्भुज नाथ का अभिषेक

### श्रद्धालुओं को वितरित किया शीतल आमरस प्रसाद





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

निर्जला एकादशी पर स्वर्णकार समाज भीलवाड़ा के युवा अध्यक्ष लखन सोनी के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्री रूप चतुर्भुज नाथ मंदिर में भगवान का विधि-विधान से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने भगवान के दर्शन कर समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

सायंकाल मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए शीतल आमरस प्रसाद का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन का लाभ लिया।

कार्यक्रम संरक्षक दिनेश सोनी मलेंडिया के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्री कैलाश बेनाथिया, पूर्व अध्यक्ष कवरलाल खजवानियां, गोपाल जंगवाल, शंभूदयाल कड़ेल, संरक्षक विष्णु भरावा, युवा अध्यक्ष लखन सोनी, युवा मंत्री मनीष बिच्छी, युवा कोषाध्यक्ष टिंकल मलेंडिया, राजेश तूनगर, शंभू सोलीवाल, मुरली जवड़ा, प्रवीण बेराडिया, धीरज मलेंडिया एवं जयंत सोनी सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अग्निवीर बाबूलाल मीणा के गांव आगमन पर हुआ ऐतिहासिक स्वागत, शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि





**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

( रोशन ) । ग्राम बरूंदनी के लिए गर्व और सम्मान का अवसर उस समय बना जब लादूलाल मीणा के पुत्र बाबूलाल मीणा भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के अंतर्गत छह माह का प्रशिक्षण पूर्ण कर पहली बार अपने गांव पहुंचे। उनके आगमन पर ग्रामीणों, पूर्व सैनिकों एवं गणमान्य नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा तथा राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। गांव पहुंचने पर बाबूलाल मीणा का पुष्पमालाओं एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद स्वागत जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। जुलूस के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और भारतीय सेना जिंदाबाद के जयघोष लगाए गए।

इस अवसर पर बाबूलाल मीणा ने गांव के गौरव शहीद जगन्नाथ मीणा स्मारक पहुंचकर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के त्याग और बलिदान से ही देश सुरक्षित है तथा उन्हीं से प्रेरणा लेकर युवा देश सेवा के लिए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने राष्ट्र की रक्षा एवं सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए देशहित में सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।

पूर्व सैनिक श्यामलाल मीणा एवं कन्हैयालाल अहीर ने बाबूलाल मीणा का स्वागत करते हुए कहा कि गांव के युवाओं का सेना में जाकर देश सेवा करना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेना और सुरक्षा सेवाओं में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्रशानिक गजेंद्र साहू, औराई सिंचाई परियोजना अध्यक्ष शम्भूलाल मीणा, मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, शैतान सिंह शक्तावत किशन मीणा, राधेश्याम मीणा, कन्हैयालाल मीणा, धन्नालाल मीणा, जवाहरलाल मीणा, भंवरलाल खटीक, कालूलाल पालीवाल, शंकर खटीक, कमलेश सुथार, आनंद मोहन प्रजापत, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष रामराय लढ़ा एवं विश्व हिन्दू परिषद् राधाकृष्णन लखारा बसन्ती सोनी राधाकृष्ण प्रजापत शिव प्रकाश भट्ट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने बाबूलाल मीणा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। स्वागत समारोह के दौरान राष्ट्रभक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

# दीपों की रोशनी और भक्ति के रंग में सजा छोटा रुणिचा धाम

### 24वें स्थापना दिवस पर उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था, हवन-पूजन और महाप्रसादी में जुटी भक्तों की भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।,**



निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर नया नगर स्थित छोटा रुणिचा धाम का 24वां स्थापना दिवस गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर चले धार्मिक आयोजनों में क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा रामदेवजी के दर्शन किए और धर्मलाभ अर्जित किया।

स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह से ही धाम में भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दुर्गेश शर्मा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन एवं विशेष पूजा-अर्चना से हुआ। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी के श्रीचरणों में सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और विश्व शांति की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित कीं।

**दीपोत्सव ने बिखेरी अलौकिक छटा**

शाम ढलते ही छोटा रुणिचा धाम दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सैकड़ों दीप प्रज्वलित कर भव्य दीपोत्सव आयोजित किया गया। दीपों की जगमगाहट और मंदिर परिसर में गूंजते भजनों ने ऐसा आध्यात्मिक माहौल बनाया कि श्रद्धालु देर तक भक्ति रस में सराबोर रहे।

**24 वर्षों से आस्था का केंद्र बना हुआ है धाम**

धाम के गादीपति महंत हीरालाल जोगी ने बताया कि वर्ष 2002 में स्थापित छोटा रुणिचा धाम पिछले 24 वर्षों से क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां प्रतिवर्ष स्थापना दिवस पर धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेवजी की कृपा से धाम लगातार धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है।

**मंदिर विकास के लिए मिला सहयोग**

स्थापना दिवस के अवसर पर केलवाड़ा निवासी गौरव गोयल ने मंदिर विकास कार्यों के लिए 51 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। धाम समिति ने उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

धार्मिक आयोजन के समापन पर महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, ज्ञान जैन, कमलेश धाकड़, अजय यादव, रमेश धाकड़, रजत गर्ग, शंकरनाथ महाराज, बहादुर चौहान, महेंद्र जोगी, बलवंत चौहान, भेरू साहू, मनीष माली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्जला एकादशी पर सेवा की मिसाल, राहगीरों को पिलाया शीतल शरबत

## भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं और राहगीरों को मिली राहत, दिनभर चला सेवा कार्य

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।,**

निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर गुरुवार को शहर में धर्म और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। भीषण गर्मी के बीच विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और श्रद्धालुओं की ओर से जगह-जगह शरबत वितरण कर राहगीरों, वाहन चालकों और श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाई गई।



एक ओर जहां श्रद्धालु निर्जला एकादशी का व्रत रखकर मंदिरों में पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए पहुंचे, वहीं दूसरी ओर सेवा भाव से प्रेरित लोगों ने शहर के प्रमुख स्थानों पर शीतल पेय एवं शरबत वितरण की व्यवस्था कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

तेजाजी का चौक क्षेत्र के निकट लगाए गए शरबत वितरण केंद्र पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। स्वयंसेवकों ने राहगीरों और वाहन चालकों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई। लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार भी व्यक्त किया।

आयोजकों ने बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर पर जल सेवा और शरबत वितरण को विशेष महत्व दिया जाता है। इसी भावना के साथ आमजन की सेवा के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।

इस दौरान योगेश लुधानी, मनोज, संजय सहित कई समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं शरबत वितरण कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने आयोजित की शक्ति केंद्र बैठकें

## कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

भारतीय जनता पार्टी गंगापुर नगर मंडल की ओर से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी के नेतृत्व में विभिन्न शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। नगर मंडल द्वारा राणा प्रताप, भगत सिंह, सुभाष एवं विवेकानंद शक्ति केंद्रों पर आयोजित बैठकों में संगठन की गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।



बैठक को विधायक लादूलाल पीतलिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

विधानसभा प्रवासी प्रभारी सज्जन सिंह ने कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार और जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसकी सक्रियता से ही पार्टी की नीतियां आमजन तक पहुंचती हैं।

नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने बताया कि बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में नगर मंडल के सभी शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके तथा कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के लिए तैयार किया जा सके। बैठक में हेमेंद्र फुलवरिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष दया सैनी, मुरली मनोहर, प्रकाश पीछोलिया, मोतीलाल गहलोत, जमनेश खटीक, मुकेश पुरी, रमेश साहू, आशुतोष, बालू गुर्जर, अरुण टांक, निखिल हेड़ा, सोहन रैगर, रमेश माली, यज्ञदत्त शर्मा, नंदकिशोर माली, धर्मेश खटीक, कमलेश सेन, लक्ष्मण बैरवा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खरीफ सीजन से पहले किसानों को दी उन्नत खेती की जानकारी

## कृषक गोष्ठी में विधायक ने समय पर बुवाई और मृदा परीक्षण पर दिया जोर






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

कृषि विभाग की आत्मा योजना के अंतर्गत पंचायत समिति सभागार में एक दिवसीय खरीफ पूर्व कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, मृदा स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा ने की।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक गोपाललाल खंडेलवाल ने किसानों से समय पर फसलों की बुवाई करने, मृदा परीक्षण करवाने तथा कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुरूप खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसान उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि कर सकते हैं।

विधायक ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यक्रम में करीब 100 किसानों ने भाग लेकर खेती से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। संचालन करते हुए पूर्व सहायक कृषि अधिकारी उदयलाल कोली ने बिजोलिया क्षेत्र में कृषि सुविधाओं के विस्तार की मांग उठाई। उन्होंने कृषि विभाग के लिए सभा भवन निर्माण, प्रत्येक ग्राम पंचायत में कृषि पर्यवेक्षक के पद स्वीकृत करने, उद्यान विभाग में सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक की नियुक्ति, ब्लॉक स्तर पर कृषि अधिकारी का पद सृजित करने तथा मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने की मांग रखी।

गोष्ठी में कृषि अधिकारियों ने किसानों को खरीफ फसलों के उन्नत बीज, रोग नियंत्रण, उर्वरक प्रबंधन एवं जल संरक्षण तकनीकों की जानकारी दी। किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर विधायक गोपाललाल ने पंचायत समिति परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विकास अधिकारी अशेष शर्मा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार जोशी, पूर्व नगर अध्यक्ष शांतिलाल जोशी, मंडल महामंत्री मुकेश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं सहायक कृषि अधिकारी ललित कुमार धाकड़, कृषि पर्यवेक्षक राधेश्याम बलाई, विमला कुमारी खटीक, तरुण कुमार मीणा, दिनेश कुमार धाकड़, ओमहरि शर्मा तथा आत्मा योजना के कृषक मित्रों ने भी सहभागिता निभाई।

# संत अवधेशानंद जी महाराज ने कह सेवा, सदाचार और परोपकार ही मानव जीवन की सच्ची पहचान है

## भीलवाड़ा में श्रद्धालुओं को दिए सेवा, संस्कार और सदाचार के संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

उदयपुर से पाली की ओर धार्मिक प्रवास के दौरान संत श्री 1008 अवधेशानंद महाराज सूरजकुंड का ल शहर के मलाण क्षेत्र में आगमन हुआ। संत के आगमन से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर नगर निगम पार्षद एवं अखिल भारतीय गुर्जर महासभा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष राधेश्याम भडाणा के निवास पर संत श्री का पुष्पमालाओं, साफा एवं श्रद्धाभाव के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ उनका स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।




अपने प्रेरणादायी आशीर्वचनों में संत श्री ने कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य सेवा, सदाचार, प्रेम और परोपकार है। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, नैतिक मूल्यों और संस्कारों को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच और धर्ममय जीवन ही व्यक्ति को सफलता एवं आत्मिक शांति प्रदान करता है। संत ने उपस्थित श्रद्धालुओं, मलाण क्षेत्र के ग्रामवासियों एवं समाजजनों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, सहयोग और सद्भावना का वातावरण बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### बिजली बाधित रहने से आज प्रभावित रहेगी पेयजल आपूर्ति

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अंतर्गत जिले में होने वाली पेयजल आपूर्ति पर एक बार फिर असर पड़ा है। परियोजना से जुड़े प्रमुख पंप हाउसों पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण भीलवाड़ा शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) परियोजना खंड-प्रथम के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से इनटेक, भुंजरकला एवं तेलीखेड़ा पंप हाउसों पर विद्युत आपूर्ति लगातार प्रभावित हो रही है, जिससे पेयजल आपूर्ति व्यवस्था आंशिक रूप से बाधित चल रही है।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को भी तिलस्वा, भुंजरकला और तेलीखेड़ा पंप हाउसों पर बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं रहने के कारण चम्बल परियोजना से जल उठाव प्रभावित हुआ। इसके चलते शुक्रवार को भीलवाड़ा शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### गोवर्धनपुरा विवाद में तीन और आरोपी गिरफ्तार, लंबे समय से चल रहे थे फरार

**अप्रैल में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के मामले में बिजोलिया पुलिस की कार्रवाई जारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुरा गांव में अप्रैल माह में दो पक्षों के बीच हुए लड़ाई झगड़े और खूनी संघर्ष के मामले में बिजोलिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि अप्रैल में हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों की ओर से दर्ज मामलों में पुलिस ने पहले ही एक दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली और करीब 50 गणमान्य लोगों (मौतमबिरों) की मौजूदगी में दोनों पक्षों की समझाइश कर शांति व्यवस्था बहाल कराई थी।

मामले में लगातार की जा रही जांच और दबिश के दौरान पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे ठाकुर (30) पुत्र कंवरलाल, विनोद कुमार (23) पुत्र मोहनलाल तथा अनिल कुमार (18) पुत्र नाथूलाल, तीनों निवासी गोवर्धनपुरा, को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है तथा प्रकरण से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

### स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सख्ती, स्टेट नोडल अधिकारी ने अस्पतालों का किया निरीक्षण

**मांडलगढ़ उप जिला चिकित्सालय और बिगोद सीएचसी का लिया जायजा, लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





राज्य सरकार की ओर से आमजन को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. अभिनव अग्रवाल ने दो दिवसीय भीलवाड़ा दौरे के दौरान जिले के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिला चिकित्सालय मांडलगढ़ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिगोद का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं, संसाधनों, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान डॉ. अग्रवाल ने ओपीडी, आईपीडी, प्रसूति कक्ष, प्रयोगशाला, दवा वितरण केंद्र तथा आपातकालीन सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर सेवाओं का फीडबैक भी प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक मरीज को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, जांच सुविधाएं और मरीजों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

डॉ. अग्रवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आमजन को स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं का अधिकतम लाभ मिलना चाहिए।

स्टेट नोडल अधिकारी के निर्देशन में जिला स्तर से गठित निरीक्षण दलों ने निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार जिले के उप जिला अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। टीमों ने साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता, ओपीडी-आईपीडी सेवाएं, फायर सेफ्टी और मौसमी रोग नियंत्रण गतिविधियों का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के शीघ्र निराकरण, निष्क्रिय उपकरणों को चालू कराने और संस्थानों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।